भाजपा पिछड़ा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष के ऊपर एसटी एससी का मुकदमा दर्ज

अनूपपुर जिले में सत्ताधारी पार्टी के कार्यकर्ता अपनी ही पार्टी को दागदार करने में तुले हुए हैं। अनूपपुर जिले में एक बार फिर एसटी-एससी और दलितों के ऊपर अत्याचार का मामला सामने आया है। जहां भारतीय जनता पार्टी के पिछड़ा वर्ग मोर्चा के उपाध्यक्ष तेज बहादुर कुशवाहा द्वारा ललन सिंह गोंडा नमक दलित के साथ मारपीट और गाली गलौज का मामला पंजीबद्ध हुआ है। लेकिन इसके पीछे राजनीतिक पार्टियों के कार्यकर्ताओं की अय्याशी का मुखौटा नजर आ रहा है सूत्रों के अनुसार मामला जिला अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के बीच की आपसी लड़ाई का है। जहां सत्ता के गुरुर में शराब के नशे और 52 परी के खेल में हुई लड़ाई से पार्टी को दागदार करने का कार्य किया गया है।

जुंआ के खेल में हुआ विवाद, जिला अध्यक्ष के साथी ने दर्ज कराई शिकायत

अनूपपुर, यशभारत। भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के बीच देर रात हुई आपसी लड़ाई अब राजनीतिक लड़ाई में बदल गई है। 2 मई को को हुई हतापाई के बाद प्रेस नोट जारी हुई जिसमें भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के उपाध्यक्ष तेज बहादुर कुशवाहा के खिलाफ ललन सिंह गोंड द्वारा एसटीएससी के साथ अन्य धाराओं पर मुकदमा दर्ज कराया गया है। ललन सिंह गोंड धर्मेंद्र सिंह के करीबी बताए जाते हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार हाथापाई जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह और तेज बहादुर कुशवाहा के बीच हुई थी जिसके बाद अपने साथी से जिला अध्यक्ष ने मुकदमा दर्ज करवाया है। तेजबहादुर कुशवाहा के अनुसार वारदात कुछ और थी और थाने में शिकायत कुछ और दर्ज कराई गई है।

थाने में दर्ज हुई शिकायत

अनूपपुर जिले के रामनगर थाना अंतर्गत 2 मई को ललन सिंह गोंड पिता स्व. वशू सिंह उम्र 40 वर्ष निवासी वार्ड नं. 03 काली बस्ती राजनगर के द्वारा थाना रामनगर आकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि तेजबहादुर कुशवाहा निवासी राजनगर के द्वारा धर्मेन्द्र सिंह के कार्यालय में आकर जातिगत गाली गलौज करते हुए फरियादी के शर्ट का कालर पकड़कर हाथ मुक्का से मरपीट किया व जान से मारने की धमकी दिया है। जिस पर थाना रामनगर में अपराध क्र.187/2024 धारा 451, 294, 323, 506 भादवि एवं 3(1)द, 3(1)ध, 3(2)5क एससी/एसटी एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध कर जॉच विवेचना में लिया गया है। मामला पंजीबद्ध तो ललन सिंह गोंड ने कराया है लेकिन सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार हाथापाई पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह और तेज बहादुर सिंह के बीच ताश के पत्तों का गेम पचीसा को लेकर हुआ था। पूरे मामले में जमीनी हकीकत क्या है यह तो पुलिस की जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।

तो क्या शराब के नशे में 52 परी के खेल में हुई लड़ाई?

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 2 मई को लगभग रात 8 के बाद धर्मेंद्र सिंह के कार्यालय में धर्मेंद्र सिंह, तेज बहादुर के साथ अन्य लोग भी कार्यालय में मौजूद थे जहां सभी एक साथ होकर आपसी में ताश के पत्तों का खेल खेल रहे थे जिसमें हुई अनबन लड़ाई का कारण बन गई और रामनगर थाने अंतर्गत मुकदमा दर्ज हो गया। उक्त घटना में मौजूद सूत्रों के अनुसार ताश के पत्तों के खेल में ललन सिंह मौजूद नहीं थे। अनबन अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के बीच हुई थी, पूर्व में भी अध्यक्ष के करीबी के साथ एक ऐसा मामला घटित हो चुका था जिस पर किसी प्रकार का मामला नहीं बना था।

तो क्या पार्टी करेगी निष्कासन की कार्यवाही

भारतीय जनता पार्टी संगठन में नियमों का कड़ाई से पालन करती है वहीं दूसरी ओर उसके कार्यकर्ता नियमों को तार-तार कर रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के उपाध्यक्ष और अध्यक्ष के बीच हुई अनबन से भारतीय जनता पार्टी की शाख को बट्टा लग रहा है। वही लड़ाई का कारण पार्टी को शर्मशार कर रहा है। उपाध्यक्ष के विरुद्ध थाने में मामला पंजीबद्ध है जिसमें एसटी एससी एक्ट के तहत पुलिस द्वारा विवेचना की जा रही है जिससे एक बार फिर पार्टी के कार्यकर्ता के द्वारा एसटी एससी और दलितों के ऊपर अत्याचार का मामला तूल पकड़ रहा है।

इनका कहना है।

शिकायतकर्ता द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई है, प्राप्त शिकायत में विवेचना की जाएगी मामला स्पष्ट हो जाएगा।

अमर वर्मा, थाना प्रभारी रामनगर

हातपाई धर्मेंद्र सिंह और हमारे बीच खेल को लेकर हुई है वारदात में शिकायतकर्ता मौजूद नहीं था मेरे खिलाफ झूठी शिकायत दर्ज कराई गई है, पुलिस द्वारा मोबाइल की लोकेशन के आधार पर सच्चाई का खुलासा हो जाएगा। शाम को मिलकर मंत्री को पत्र देकर पूरे मामले का खुलासा करूंगा।

तेज बहादुर कुशवाहा,
जिला उपाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा अनूपपुर

मैं अभी छत्तीसगढ़ के चुनावी कार्यक्रम में व्यस्त हूं गाड़ी में बैठकर आपसे बात करता हूं।

धर्मेंद्र सिंह,
जिला अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा अनूपपुर

सुरक्षा गार्ड की सावधानी से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बड़ी घटना टली

अनूपपुर, यशभारत। अनूपपुर जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुष्पराजगढ़ में ड्यूटी में तैनात सुरक्षा गार्ड रामचरण को बिजली के तार के जलने की बू आने पर वह उस और जाकर देखा तो बिल्डिंग के बिजली फिटिंग के एम सी बी बोर्ड से धुआ निकल रहा था, जिसकी सूचना तत्काल गार्ड द्वारा डॉक्टर सुरेंद्र सिंह को एवं ड्यूटी में उपस्थित नर्स अनीता मरावी को दी घटना की जानकारी लगते ही डॉक्टर सुरेंद्र सिंह तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे और और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की बिल्डिंग में सुरक्षा हेतु लगाए गए अग्निशामक यंत्र को गार्ड से लाने को कहा और खुद भी एक सिलेंडर को दीवार से लगे स्टैंड से निकाल कर चालू कर गार्ड को धुआ निकल रही जगह पर छिड़काव करने को कहा छिड़काव करते ही धुआ निकल रहे जगह पर आग पर काबू का लिया गया इस प्रकार ड्यूटी में तैनात सुरक्षा गार्ड की सूझबूझ से एक बड़ी दुर्घटना होने से बचा लिया गया। बी एम ओ पुष्पराजगढ़ डॉ. सुरेंद्र सिंह ने बताया कि पुष्पराजगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के भवन में लगभग 8 से 10 नग अग्नि सामान यंत्र दीवारों में जगह-जगह लगाए गए हैं जिससे कभी भी कोई दुर्घटना होती है तो उसे तुरंत उपयोग कर काबू पाया जा सके। साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत कुछ कर्मचारियों को अग्निशामक यंत्र का उपयोग करने की ट्रेनिंग दिलाई कभी भी इमरजेंसी में वे इसे चला सके।

एएसआई की हत्या के फरार आरोपी पर 30 हजार का इनाम घोषित, चालक गिरफ्तार

अवैध उत्खनन, अवैध परिवहन और अवैध भंडारण करने वाले के विरुद्ध होगी प्रभावी कार्यवाही

शहडोल, यशभारत। सहायक उपनिरीक्षक महेन्द्र बागरी थाना ब्यौहारी जिला शहडोल को अवैध रेत से भरे ट्रेक्टर ट्रॉली के चालक द्वारा तेज गति से चलाकर जानबूझकर टक्कर मारने और ट्रेक्टर चढ़ाकर मृत्यु कारित करने की घटना पर थाना ब्यौहारी में अपराध क्र. 271/2024 धारा 302, 379, 414, 34 व 4/21 खान एवं खनिज अधि. दर्ज किया गया है और आरोपी चालक विजय उर्फ राज रावत पिता मोलई कोल और आशुतोष सिंह उर्फ छोटू पिता सुरेन्द्र सिंह बघेल निवासी ग्राम जमोड़ी को गिरफ्तार किया गया है। फरार आरोपी ट्रैक्टर मालिक सुरेन्द्र सिंह पिता शीतला सिंह उर्फ सीमा सिंह बघेल निवासी जमौड़ी की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। इसको गिरफ्तार करने में सहयोग प्रदान करने वाले व्यक्ति को रूपये 30 हजार के नगद ईनाम देने की उद्घोषणा एडीजीपी डीसी सागर द्वारा की गई है। इस घटना की सूचना मिलते ही अतिरिक्त अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, शहडोल जोन डी.सी. सागर पुलिस अधीक्षक शहडोल कुमार प्रतीक के साथ घटना स्थल पहुँचे और घटना स्थल का निरीक्षण एवं पर्यवेक्षण कर पुलिस अधीक्षक शहडोल एवं

अनुसंधान टीम को अपराध के अनुसंधान में वैज्ञानिक, फोरेंसिक, सायबर फोरेंसिक, परिस्थितिजन्य साक्ष्य आदि के आधार पर अग्रिम कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। एफ एस एल अधिकारी अहिरवार भी घटना स्थल पहुंचकर घटना की फोरेंसिक दृष्टि से जांच किए और विवेचक को आवश्यक निर्देश दिए। रात्रि में स्थायी वारंटी तलाश हेतु सहायक उपनिरीक्षक महेन्द्र बागरी, सहायक उपनिरीक्षक गया प्रसाद कन्नौजे, आरक्षक संजय द्विवेदी के साथ ग्राम सूखा, कल्हारी तरफ दिनांक 04 मई 2024 के 11.26 बजे रोजनामचा में रवानगी दर्ज कर रवाना हुए थे। हेलीपैड खड़हली से 100 मीटर पहले पपौंध रोड में रात्रि के 11.40 बजे पहुंचे तो सामने से एक ट्रेक्टर तेज रफ्तार से रोड में लहराते हुए ब्यौहारी की तरफ आ रहा था। ट्रेक्टर की तेज गति को देखकर ट्रेक्टर को रोकने का प्रयास किया गया, किन्तु ट्रेक्टर के चालक ने ट्रेक्टर को सउनि महेन्द्र बागरी की तरफ मोड़ दिया और सउनि महेन्द्र बागरी को टक्कर मारकर गिरा दिया व ट्रेक्टर उसके ऊपर चढ़ा कर रौंद कर निकल गया, टक्कर मारकर चालक चलते ट्रेक्टर से कूदकर भागने लगा तो आरक्षक संजय द्विवेदी ने चालक को पकड़ लिया गया। चलता हुआ ट्रेक्टर नव निर्मित पुलिया पर टक्कर मारकर लटक गया व ट्राली पुलिया से नीचे गिर कर पलट गई। सउनि गया प्रसाद कन्नौजे और आरक्षक संजय द्विवेदी सउनि महेन्द्र बागरी को उठाकर कार में लेटा कर तत्काल सी.एच.सी. ब्यौहारी इलाज के लिये लेकर आये तो डॉक्टर ने सउनि महेन्द्र बागरी को देखकर मृत घोषित कर दिये। ट्रेक्टर चालक विजय उर्फ राज रावत ने बताया कि आशुतोष सिंह उर्फ छोटू पिता सुरेन्द्र% सिंह बघेल निवासी जमोड़ी ट्रेक्टर के आगे आगे चलकर पायलेटिंग करता है एवं ट्रैक्टर सुरेन्द्र सिंह पिता शीतला सिंह उर्फ सीमा सिंह बघेल निवासी जमोड़ी के नाम पर रजिस्टर्ड है। ट्रेक्टर एवं ट्राली का और ट्राली में लोड रेत का कोई दस्तावेज नहीं पाया गया।पुलिस एवं प्रशासन द्वारा आरोपी आशुतोष सिंह उर्फ छोटू पिता सुरेन्द्र सिंह बघेल के विरुद्ध थाना ब्यौहारी में पूर्व में 3 से अधिक अपराध दर्ज हैं, इसके जिला बदर की कार्यवाही की जा रही है। साथ ही रेत के अवैध उत्खनन, अवैध परिवहन एवं अवैध भण्डारण न करने लिए लोगों को जागरूक किया जायेगा।

अमरकंटक में स्वच्छता पखवाड़ा आठ मई से होगा प्रारंभ सभी मिल स्वच्छ रखेंगे अपना नगर

अनूपपुर, यशभारत। अमरकंटक में नगर परिषद के सभागार में अधिकारी , व्यापारी गणमान्य नागरिको की उपस्थिति में एक सार्वजनिक बैठक आहूत की गई जिसमे यह निर्णय लिया गया की अमरकंटक को स्वच्छ और साफ सुथरा बना कर रखा जायेगा और नगर परिषद द्वारा शासन के निर्देशन पर 08 मई 2024 से स्वच्छता पखवाड़ा भी मनाया जाना प्रारंभ होगा । अमरकंटक के मुख्य नगर पालिका अधिकारी चैन सिंह परस्ते ने अपने वक्तव्य में उपस्थित गणमान्य लोगो तथा व्यापारीयों से आग्रह किया की अपने दुकान के सामने , होटलों के सामने , घरों के पास कोई भी कचड़ा बाहर नही फेंकेगा । आपके यहां से निकलने वाला कचड़ा को निकाय की डोर टू डोर कचड़ा संग्रहण करने वाली गाड़ी में सुखा और गीला कचड़ा को अलग अलग करके दें तथा अपने दुकानों पर दो डस्टबिन रखे । कोई भी दुकानदार , होटल संचालक व अन्य लोग रोड़ों पर कचड़ा न फेंके । नगर को स्वच्छ बनाए रखने में सहयोग करें। अगर किसी के द्वारा रोड़ में कचड़ा फेंका गया तो जुर्माना लगाने की कार्यवाही की जावेगी ।अगर कोई दुकानदार इस बात पर अमल नहीं करता तो उसके बाद दुकानों को सील करने की भी कार्यवाही की जावेगी । 08 मई 2024 से नगर में स्वच्छता पखवाड़ा मनाएं जाने के संबंध में सभी व्यापारी , दुकानदारो से चर्चा की गई जिसमे सभी उपस्थित लोगों के द्वारा सहमति दी गई है तथा ब्यापारियो द्वारा आवारा मवेशियों के संबंध में आवश्यक कार्यवाही हेतु आग्रह भी किया गया जिसमे नगर पालिका अधिकारी ने आश्वासन दिया की हम पहले मुनादी करवायेंगे उसके बाद नगर में अगर आवारा पशु पाए गए तो उनको हांका करवा कर बाहर भिजवाने की कार्यवाही भी करवाई जायेगी । स्वच्छता पखवाड़ा के संबंध में हुई बैठक में मुख्यरूप से नगर परिषद के सीएमओ चैन सिंह परस्ते , नगर परिषद के उपयंत्रि देवल सिंह बघेल , व्यापारी संघ के अध्यक्ष प्रकाश द्विवेदी , स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर रामगोपाल द्विवेदी , पूर्व पार्षद बलिराम केवट , ब्यापारीगण , नगर परिषद के कर्मचारीगण आदि मौजूद रहे ।

कलेक्टर ने गेहूं उपार्जन केन्द्र बुढार का किया निरीक्षण

शहडोल, यशभारत। कलेक्टर तरुण भटनागर ने आज जनपद पंचायत बुढार के गेहूं उपार्जन केन्द्र बुढार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए कि गेहूं उपार्जन केन्द्र में आने वाली मात्रा को जांच कर स्वीकृत करें। उन्होंने जेएसओ को निर्देश दिए कि उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण करें और केन्द्रों में आने वाली मात्रा को अस्वीकृत न करें तथा प्रतिदिन का वेरिफिकेशन भी करें जिससे समय पर भुगतान हो सके। उन्होंने निर्देश दिए गेहूं को खुले में न रखे यह भी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। निरीक्षण के दौरान उपार्जन केंद्र की अन्य व्यवस्थाओं तथा भुगतान संबंधी जानकारी भी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अरविंद शाह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बुढार मुद्रिका सिंह, तहसीलदार भावना डेहरिया, जेसीओ आर. एन. जाटव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

आरोपियों के घर में जिला प्रशासन ने बुलडोजर चलाकर किया ध्वस्त

शहडोल, यशभारत। कलेक्टर तरुण भटनागर के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में जनपद पंचायत जयसिंहनगर के ग्राम जमोड़ी निवासी वाहन चालक विजय रावत एवं वाहन मालिक सुरेंद्र सिंह के घर में आज जिला प्रशासन ने बुलडोजर चला कर ध्वस्त किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार वाहन चालक विजय रावत पिता मोलई रावत निवासी ग्राम जमोडी तहसील जयसिहनगर का 60×70 वर्गफिट का अर्धपक्का मकान जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 4 लाख थी। उसे संयुक्त कार्यवाही से ध्वस्त किया गया, टैक्टर मालिक सुरेन्द्र सिंह पिता शीतला प्रसाद निवासी ग्राम जमोडी का अर्धपक्का मकान 100×85 वर्गफिट था जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 10 लाख रुपए थी उसे ध्वस्त किया गया, वाहन मालिक सुरेन्द्र सिंह पिता शीतला प्रसाद निवासी ग्राम जमोडी का 20×120 वर्गफिट अर्ध मकान ध्वस्त किया गया। जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 4 लाख रुपए थी।उक्त कार्यवाही में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व नरेंद्र सिंह धुर्वे, प्रगति वर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक दीवान सहित अन्य अधिकारी एवं

पुलिस बल शामिल थे। गौरतलब है कि आरोपी विजय रावत व आशुतोष की गिरफ्तारी की जा चुकी है। उक्त आरोपियों द्वारा अवैध रेत उत्खनन को रोकने गए पुलिस बल पर जनपद पंचायत व्यवहारी के ग्राम खड़हुली के समीप हमला किया गया था जिसमे व्यवहारी में पदस्थ ए.एस. आई. महेंद्र बागड़ी की मौके पर ही मृत्यु हो गई थी।

कमिश्नर ने शीघ्र कार्य पूर्ण करने का अल्टीमेटम, अधिकारियों की लापरवाही पर व्यक्त की कड़ी नाराजगी

शहडोल, यशभारत। कमिश्नर शहडोल संभाग श्री बीएस जामोद ने शनिवार को ब्यौहारी विकासखंड में ब्यौहारी कटनी मार्ग में स्थित सोन नदी पर बन रहे पुलिया निर्माण के कार्यो का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निर्धारित समय में पुलिया निर्माण का कार्य पूर्ण नहीं होने पर कमिश्नर ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की तथा निर्देश दिए कि पुलिया निर्माण का कार्य तेजी से पूर्ण कराएं। कमिश्नर ने कहा कि पुलिया निर्माण के कार्य में पहले से ही काफी विलंब हो चुका है, निर्माण कार्यो को तेजी से पूर्ण कराने के लिए मजदूरों की संख्या बढ़ाएं तथा पुलिया निर्माण में किसी प्रकार का गतिरोध उत्पन्न होने पर किन कारणों से गतिरोध उत्पन्न हो रहा है इसकी जानकारी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ब्यौहारी एवं उच्च अधिकारियों को देना सुनिश्चित करें। कमिश्नर ने निर्देश दिए कि पुलिया निर्माण का कार्य तेजी से पूर्ण हो इसके लिए अधिकारियों की नियुक्ति की जाएगी, जो हर सप्ताह पुलिया निर्माण की प्रगति का अवलोकन कर मुझे सूचित करेंगे। निरीक्षण के दौरान संयुक्त आयुक्त विकास मगन सिंह कनेश, अधीक्षण यंत्री ग्रमीण यंत्रिकी सेवा सुनील परिमार, एसडीएम ब्यौहारी नरेन्द्र सिंह धुव्रे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

सी एम राइस स्कूल निर्माण कार्य में अनिमितता, जनपद सदस्य ने कलेक्टर से की शिकायत

अनूपपुर, यशभारत। जनपद पंचायत अनूपपुर के वार्ड क्रमांक 03 के जनपद सदस्य चंद्रवती ने कलेक्टर से शिकायत की है की ग्राम पंचायत बदरा मे बन रहे सी. एम. राइज स्कूल निर्माण कार्य में काफी अनिमितता चल रहा है भवन निर्माण के प्लीन्थ में ठेकेदार द्वारा मुरुम या पत्थर का डस्ट नहीं डाला जा रहा है बल्कि इनके द्वारा काली मिट्टी से फिलिंग की जा रही है जिस मिट्टी से फिलिंग की जायेगी उस मिट्टी का परीक्षण भी नहीं कराया गया है

इतना ही नही घटिया सीमेन्ट का भी उपयोग किया जा रहा है जिससे बिल्डिंग की मजबूती पर सवाल उठता है गर्मी के सीजन मे तराई भी नही के जा रही है इन सभी चीजों में मानक का पालन नहीं किया जा रहा हैं इस सारे अमानक पूर्ण कार्य में ठेकेदार एवं इस कार्य से सम्बन्धित विभाग के समस्त अधिकारी इस अनिमितता में संल्पित है। चंद्रावती भारती ने कलेक्टर से उच्च स्तरीय जांच कर उचित कारवाही करने की अपील की है।

ट्रक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराया, हेल्पर की मौत, ड्राइवर घायल

शहडोल, यशभारत। शहडोल जिले में तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराया गया। इस हादसे में हेल्पर की मौत हो गई। शहर के गोहपारू थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार कहर देखने को मिला है। जहां सेमरा चूना भट्टी के पास कोयला लेकर उत्तरप्रदेश जा रही ट्रक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गया। इस दुर्घटना में हेल्पर विमलेश सिंह की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई और केबिन में ही उसका शव फंस गया, जबकि ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज जारी है। इधर, हेल्पर के शव को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया और पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाया। फिलहाल, पुलिस ड्राइवर के खिलाफ केस दर्ज कर जांच में जुट गई है।